**प्रादेशिक समाचार**
**दिनांक– 02.02.2025 (दोपहर–1310 बजे)**

**मुख्य समाचार**

- **केंद्रीय बजट में गिग श्रमिकों को मिली पहचान, ई–श्रम पोर्टल में राज्य के 50 हजार मजदूर होंगे निबंधित, ज़िला अस्पतालों में डे केयर कैंसर केंद्र की स्थापना से आमजनों को सुविधा ।**
- **गुइलेन बैरे सिंड्रोम बीमारी से जूझ रही साढ़े पांच साल की बच्ची को किया गया रिम्स में भर्ती, कोडरमा की रहने वाली बच्ची अपने परिवार के साथ महाराष्ट्र से झारखंड लौटी थी।**
- **आज विश्व आर्द्र भूमि दिवस है, साहिबगंज के उधवा पक्षी आश्रयणी को रामसर साइट किया गया घोषित।**
- **देवघर पुलिस ने सारवां थाना क्षेत्र के घोरपरास जंगल से ग्राहकों को फ्रॉड लिंक भेजकर साइबर ठगी करते पांच युवकों को किया गिरफ्तार।**
- **38वें राष्ट्रीय खेल में झारखंड के वुशु खिलाड़ियों ने जीते दो मेडल, श्रेया को रजत और गीता को मिला कांस्य पदक, आज राश्ट्रीय स्कूली हॉकी अंडर–19 के दोनों वर्गों के फाइनल मैच में झारखण्ड को पदक की उम्मीद ।**

*******************

आम बजट में गिग श्रमिकों का ई–श्रम पोर्टल में रजिस्ट्रेशन की घोषणा के बाद राज्य के करीब 50 हजार गिग श्रमिकों को भी फायदा होगा। इससे झारखंड की महिलाओं और मजदूरों को भी काफी फायदा होगा। केंद्रीय बजट में एससीएसटी महिलाओं को दो करोड़ रुपये तक टर्म लोन देने की घोषणा के बाद राज्य की सैंतीस प्रतिशत आबादी को उद्यमिता और प्रबंधन कौशल के अवसर मिलेंगे। वहीं आम बजट में सदर अस्पताल में डे केयर कैंसर केंद्र खोलने का प्रस्ताव रखा गया है। तीन वर्षों में सभी सदर अस्पतालों में डे केयर कैंसर केंद्र स्थापित किए जाएंगे। वर्तमान में झारखंड में केवल रिम्स में ही यह केंद्र है। वहीं स्वास्थ्य क्षेत्र में की गई घोषणाओं से राज्य में सरकारी और निजी कुल नौ मेडिकल कॉलेजों को लाभ मिलेगा।

*******************

बजट में सक्षम आंगनबाड़ी योजना की घोषणा की गई है। इसके तहत देश के 20 राज्यों में 11 हजार से अधिक सक्षम आंगनबाड़ी योजना की घोषणा की गई है। राज्य में सात हजार से अधिक सक्षम आंगनबाड़ी केंद्र का निर्माण चल रहा है। इससे राज्य के करीब तीन लाख 90 हजार कुपोषित बच्चों को फायदा होगा। इस पर प्रतिक्रिया देते हुए कोडरमा सांसद और केंद्रीय मंत्री अन्नपूर्णा देवी ने प्रधानमंत्री और वित्तमंत्री का आभार जताया है।

बजट पर सिमडेगा के सेवानिवृत्त बैंककर्मी रमेश गोयल ने कहा कि इस बजट में वेतनभोगी और सेवानिवृत कर्मियों का ध्यान रखा गया है। उन्होंने बजट को बहुत अच्छा बताते हुए प्रधानमंत्री और केंद्रीय वित्त मंत्री को धन्यवाद दिया।

*******************

गुइलेन–बैरे सिंड्रोम (जीबीएस) बीमारी से जूझ रही साढ़े पांच साल की बच्ची को रांची के एक निजी अस्पताल से रिम्स में शिफ्ट करा दिया गया। रिम्स के डॉ राजकुमार ने बताया कि मरीज को शिशु रोग विभाग में भर्ती किया गया है। जहां डॉ सुनंदा झा के नेतृत्व में इलाज भी शुरू हो गया है। वर्तमान में मरीज को हाई फ्लो नेजल ऑक्सीजन में रखा गया है और उसके लिए पीडियाट्रिक वेंटिलेटर की व्यवस्था भी की गई है। बता दें

कि जीबीएस को लेकर रिम्स निदेशक ने सभी विभागाध्यक्षों के साथ बैठक की। इस दौरान कई अहम निर्देश भी दिए।

******************

जमशेदपुर पश्चिम के विधायक सरयू राय ने एमजीएम अस्पताल का निरीक्षण किया। निरीक्षण करने के बाद पत्रकारों से बात करते हुए उन्होंने कहा कि वह अस्पताल इसलिए देखने आए हैं क्योंकि सरकार के आदेश पर इसको डिमना स्थित अस्पताल में शिफ्ट किया जाना है।

******************

आज विश्व आर्द्र भूमि दिवस है। इस मौके पर साहिबगंज के उधवा पक्षी आश्रयणी को रामसर साइट घोषित किया गया है। इसके साथ ही उधवा पक्षी आश्रयणी भारत में नवासी और झारखंड में पहला रामसर साइट बना है। यहां विश्व भर के कई प्रवासी पक्षी आते है। पांच सौ पैंसठ हेक्टेयर में फैले हुए इस पक्षी आश्रयणी को वैश्विक पहचान दिलाने के लिए तत्कालीन वन प्रमंडल पदाधिकारी और तत्कालीन विधायक का प्रयास रहा था जिसके बाद इसे यह उपलब्धि हासिल हुई है। वर्तमान वन प्रमंडल पदाधिकारी प्रबल गर्ग को इस बाबत प्रमाण पत्र सौंपा जाएगा। राजमहल के पूर्व विधायक अनंत ओझा ने केंद्र सरकार को बधाई दी है–

******************

बोकारो स्टील प्रबंधन की ओर से  हाफ मैराथन का आयोज किया गया। हाफ मैराथन में  5 हजार से भी ज्यादा धावकों ने हिस्सा लिया, जिसमें केन्या सहित कई अन्य देशों से आए विदेशी धावक आकर्षण का केंद्र रहे। अलग अलग आयु वर्ग के धावकों ने 5, 10  और 21 किलोमीटर दौड़ लगाई। जिसमें महिला धावक भी शामिल थीं। दिव्यांग और वरिष्ठ धावकों के लिए 2 किलोमीटर हाफ मैराथन का आयोजन किया गया था। हाफ मैराथन में प्रथम, द्वितीय और तृतीय स्थान पर आए विजेताओं को प्रशस्ति पत्र के अलावा पुरस्कार के रूप में धन राशि भी दी गई।

******************

देवघर के सारवां थाना क्षेत्र के घोरपरास जंगल में पुलिस ने छापेमारी कर बैंक ग्राहकों को फ्रॉड लिंक भेजकर साइबर ठगी करते पांच युवकों को गिरफ्तार किया। आरोपितों के पास से छापेमारी टीम ने नौ मोबाइल सहित नौ सिमकार्ड व दो प्रतिबिंब सिमकार्ड जब्त किये। बता दें कि इसके साथ ही पूरे जनवरी महीने में जिले भर से 92 साइबर आरोपितों को गिरफ्तार किया है।

******************

रांची सिविल कोर्ट के नाजीर जिशान इकबाल की टीम ने झारक्राफ्ट के अकाउंट को अटैच कर लिया है। जसीडीह स्थित निरंजन टेक्स्टाइल लिमिटेड की बकाया राशि की वसूली को लेकर यह कार्रवाई की गई है। मामला कर्मशियल कोर्ट के विशेष न्यायाधीश की अदालत में  चल रहा है।

******************

झारखंड मुक्ति मोर्चा (झामुमो ) के 46 वां स्थापना दिवस आज दुमका में मनाया जा रहा है। समारोह में मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन, दिसोम गुरू शिबू सोरेन और  सांसद नलीन सोरेन समेत कई विधायक व नेता शिरकत करेंगे। जहां पार्टी का आगामी साल का आगाज करते हुए 47 वां झंडोतोलन पार्टी सुप्रीमो शिबू सोरेन करेंगे।

******************

पश्चिमी सिंहभूम जिले में आज सेरेंगसिया घाटी में अंग्रेजी हुकूमत के खिलाफ लड़ाई में शहीद हुए वीरों को श्रद्धांजलि अर्पित की जा रही है, विस्तृत ब्यौरे के साथ हमारे संवाददाता–

******************

**खेल की खबरों के साथ**

उत्तराखंड के देहरादून में चल रहे 38वें राष्ट्रीय खेल में झारखंड के वुशु खिलाड़ियों ने दो मेडल जीते। श्रेया कुमारी ने रजत और गीता खलखो ने कांस्य पदक जीता। वहीं लॉन बॉल्स में राज्य की खिलाड़ियों ने जीत दर्ज की।

वहीं रांची में चल रही राष्ट्रीय स्कूली अंडर 19 हॉकी प्रतियोगिता में झारखंड के बालक टीम ने उत्तर प्रदेश को चार दो से और बालिका टीम ने गुजरात को छह शून्य से हराकर फाइनल में जगह बना ली है। फाइनल मैच में झारखंड को आज दोनों वर्गो में पदक की उम्मीद है।

*******समाप्त****************